दिनांकः 07.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मजबूत कानून व्यवस्था को विकास की पहली शर्त बताया है। वे आज कोलायत में बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में बोल रहे थे। श्री सिंह ने देश की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज हम हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने राज्य में कांग्रेस की पिछली सरकार पर कानून व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप लगाया। सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता देवी सिंह भाटी और कोलायत विधायक अंशुमान सिंह सहित अन्य नेता मौजूद रहे। इसके बाद रक्षा मंत्री का पिलानी में जनसभा का कार्यक्रम है। वे झुंझुनूं से पार्टी उम्मीदवार शुभकरण चौधरी के पक्ष में समर्थन जुटाएंगे। श्री सिंह आज शाम जयपुर में प्रेस वार्ता भी करेंगे।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस समय चूरू के रतनगढ़ में पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। इसके बाद वे बीकानेर जिले के पांचू में आमसभा को संबोधित करेंगे।
वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के स्टार प्रचारक, पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में राज्य में प्रचार कर रहे हैं। वे आज हलैना, लालसोट और रींगस में चुनावी सभाओं में शिरकत कर रहे हैं।
अन्य सभी राजनैतिक दलों ने भी प्रचार और जनसम्पर्क तेज़ कर दिया है तथा अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाएं कर रहे हैं। स्टार प्रचारकों की सभाओं के अलावा जगह–जगह नुक्कड़ सभाएं भी आयोजित की जा रही हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का कल नीम का थाना के पाटन में सीकर संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार कामरेड अमराराम के समर्थन में जनसमूह को संबोधित करने का कार्यक्रम है।
इस बीच, जयपुर में प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर विभिन्न राजनैतिक दलों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुनील शर्मा भी शामिल हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कुड़ी ने जयपुर में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

....

लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से आज ''आओ बूथ चलें'' अभियान की शुरूआत हुई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पहले चरण में मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों में इसके तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें मतदाताओं की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आज और 14 अप्रैल को बूथ स्तरीय अभियान होगा।
इन दिनों सभी 53 हजार 126 मतदान केन्द्रों पर संबंधित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा अन्य दिनों में घर–घर मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें मतदाता पर्ची और वोटर गाइड वितरित की जाएगी। इस चरण के लिए वोटर स्लिप और गाइड बांटने का काम 14 अप्रेल तक पूरा कर लिया जाएगा। आओ बूथ चलें अभियान के तहत मतदाता जागरुकता गतिविधियां भी आयोजित होंगी। इसी कड़ी में श्रीगंगानगर में आज मतदाता शपथ कार्यक्रम हुए और जागरुकता रैली निकाली गयी। इसके साथ ही रंगोली के माध्यम से भी मतदान का संदेश दिया गया। झुंझुनूं में महिला कार्मिकों ने मतदाता जागरुकता के लिए स्कूटी रैली निकाली।

....

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। इस दिन का उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना और लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष की थीम है – मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य कई संस्थाओं की ओर से इस दिन विभिन्न आयोजनों के माध्यम से स्वास्थ्य का महत्व समझाया जाता है। इस अवसर पर भरतपुर में आज राजकीय सेटेलाइट अस्पताल में स्वास्थ्य जागरुकता शिविर लगाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से

लगाये गये इस शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें सेहत संबंधी जानकारी दी गयी। वहीं बूंदी के जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में आयोजित समारोह में लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की सलाह दी गयी।

विश्व स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर कल पाली में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बांगड़ अस्पताल में हुई इस संगोष्ठी में तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया गया।

....

राज्य में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ छींटे पड़े और हल्की बरसात दर्ज की गयी है। उदयपुर के डबोक और बाड़मेर के सेवड़ा सहित कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। वहीं अधिकांश स्थानों पर औसतन अधिकतम तापमान 36 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा 40 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान फलौदी में रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में बढोतरी के आसार हैं।

....